हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

11 बेस्ट यूनिफार्म प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



12 अस्तुति स्टूडेंट ऑफ द ईयर व सुमन बनी मिस फेयरवेल



**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 25 को

**झज्जर\बहादुरगढ़।** झज्जर चेस एसोसिएशन की ओर से 25 मई को बहादुरगढ़ में जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके तहत अंडर-11 और अंडर-17 आयु वर्ग में मुकाबले होंगे। आयोजन की तैयारी जोर शोर से जारी है। इस बारे में जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वीबी कश्यप ने बताया कि बहादुरगढ़ स्थित आकाश इंटरनेशनल स्कूल परिसर में यह आयोजन होगा। इस प्रतिस्पर्धा में ओपन कैटेगिरी को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अंडर-9 के बच्चे भी अंडर-11 आयु वर्ग में भाग ले सकते हैं, जबकि अंडर-13 व 15 के खिलाड़ी अंडर-17 में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी 24 मई तक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी आगामी 28 व 29 जून को झज्जर चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

### जाखौदा में होने वाला कार्यक्रम स्थगित

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा के शिव मंदिर में बुधवार 21 मई को होने वाला द्वितीय श्री श्याम महोत्सव, भक्ति मेला, निशान यात्रा व मंगल कलश यात्रा कार्यक्रम स्थगित हो गया है। आयोजकों ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। जल्द ही नई तिथि तय करके श्याम भक्तों को सूचना दी जाएगी।

### अवैध हथियारों व जिंदा कारतूस सहित चार काबू

**झज्जर।** जिला पुलिस की अलग-अलग अपराध शाखाओं ने बीते दो दिनों में अवैध हथियारों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार स्पेशल स्टॉफ झज्जर की टीम ने थाना दुजाना क्षेत्र से हरीश निवासी मुंदसा को एक अवैध हथियार और एक जिंदा कारतूस सहित, एंटी नारकोटिक सेल झज्जर टीम ने थाना बादली क्षेत्र से मोनू निवासी जसौरखेड़ी को एक अवैध हथियार और एक जिंदा कारतूस और एंटी व्हीकल टीम द्वारा थाना लाइनपार बहादुरगढ़ के क्षेत्र से रणजीत निवासी छोटूराम नगर बहादुरगढ़ को एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूसों के गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा सीआईए टू बहादुरगढ़ की टीम ने थाना शहर बहादुरगढ़ क्षेत्र से योगेश निवासी जसौर खेड़ी को एक अवैध हथियार और एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में अलग अलग मामले दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है। गौरतलब है कि पुलिस अवैध काम करने वालों पर शिकंजा कस रही है।

## मिशन एडमिशन : 12 कॉलेजों में स्नातक की 5960 सीटें

### ■ नेहरू महाविद्यालय में दाखिले के लिए मंगलवार शाम तक केवल 30 आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं लेकिन अभी आवेदन की रफ्तार धीमी है। मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में दाखिले के लिए मंगलवार सांय तक केवल 30 आवेदन प्राप्त हुए। पहली बार यह देखने में आया है कि अभी तक उच्चतर शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि घोषित नहीं की है और न ही पहली मेरिट लिस्ट, दूसरी मेरिट लिस्ट तथा ओपन काउंसलिंग का कोई शेड्यूल जारी किया है।



#### दो सरकारी सहायता प्राप्त प्राइवेट कॉलेजों में 1200 सीटें

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिले के 12 सरकारी कॉलेजों में स्नातक की 5960 और दो सरकारी सहायता प्राप्त प्राइवेट कॉलेजों में 1200 सीटें हैं। उन्होंने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में 07 कोर्सों की 1200 सीटें हैं। इनमें बीए की 480, बीबीए की 80, बीकॉम की 140, बीसीए की 80, बीएससी (फिजिकल साइंस) की 300, बीएससी (लाइफ साइंस) की 80 और बीएससी (गणित) की 40 सीटें हैं। राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ में 07 कोर्सों की 980 सीटें हैं। इनमें बीए की 320, बीए (सांध्यकालीन सत्र) की 200, बीबीए की 40, बीकॉम की 180, बीसीए की 60, बीएससी (फिजिकल साइंस) की 120 और बीएससी (लाइफ साइंस) की 60 सीटें हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय, बहादुरगढ़ में 04 कोर्सों में 500 सीटें हैं। इनमें बीए की 280, बीकॉम की 120, बीएससी (लाइफ साइंस) की 20 और बीएससी (फिजिकल साइंस) की 80 सीटें हैं। उन्होंने बताया कि राजकीय महाविद्यालय बादली में 06 कोर्सों की 660 सीटें हैं। इनमें बीए की 400, बीए (भूगोल) की 40, बीकॉम की 80, बीएससी (लाइफ साइंस) की 20, बीएससी (फिजिकल साइंस) की 80 और बीएससी (रसायन विज्ञान) की 40 सीटें हैं। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में 04 कोर्सों की 600 सीटें हैं। इनमें बीए की 280 और बीकॉम की 80, बीएससी (लाइफ साइंस) की 80 और बीएससी (फिजिकल साइंस) की 160 सीटें हैं। जबकि राजकीय महाविद्यालय छारा में 04 कोर्सों की 460 सीटें हैं। इनमें बीए की 240 और बीकॉम की 60, बीएससी (लाइफ साइंस) की 80 और बीएससी (फिजिकल साइंस) की 80 सीटें हैं। राजकीय महाविद्यालय बहू में 02 कोर्सों की 240 सीटें हैं। इनमें बीए की 160 और बीकॉम की 80 सीटें हैं। उधर, राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में केवल बीए का कोर्स चलाया जा रहा है, जिसकी 240 सीटें हैं। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय दुजाना में 03 कोर्सों में 340 सीटें हैं। इनमें बीए की 240, बीकॉम की 60 और बीएससी (फिजिकल साइंस) की 40 सीटें हैं। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में 04 कोर्सों में 420 सीटें हैं। इनमें बीए की 240, बीकॉम की 80, बीएससी ( लाइफ साइंस) की 40 और बीएससी (फिजिकल साइंस) की 60 सीटें हैं।

#### राजकीय महिला महाविद्यालय कुलाना में दो कोर्सों में 160 सीटें

राजकीय महिला महाविद्यालय कुलाना में 02 कोर्सों की 160 सीटें हैं। इनमें बीए की 80 और बीकॉम की 80 सीटें हैं। राजकीय महाविद्यालय जसौर खेड़ी में केवल बीए का कोर्स चलाया जा रहा है, जिसकी 160 सीटें हैं। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में 04 कोर्सों में 640 सीटें हैं। इनमें बीए की 320, बीकॉम की 160, बीएससी (लाइफ साइंस) की 80 और बीएससी (फिजिकल साइंस) की 80 सीटें हैं। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 04 कोर्सों में 560 सीटें हैं। इनमें बीए की 160, बीकॉम की 160, बीसीए की 180 और बीएससी (फिजिकल साइंस) की 60 सीटें हैं।

### 25 को सम्मानित होंगे टॉपर स्टूडेंट्स व शिक्षक



**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ में रविवार 25 मई को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने बताया कि बहादुरगढ़ के स्कूलों में 12वीं कक्षा में शीर्ष स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उनके उज्जवल भविष्य के लिए करियर काउंसलिंग भी की जाएगी। ताकि वे अपनी क्षमता व रुचि के अनुसार भविष्य में सही संकाय चुन सकें। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। उनके अनुसार कॉलेज में इस बार से 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स बीए बीएड, बीएससी बीएड, बीकॉम बीएड शुरू होने की संभावना है। समारोह में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र को दाखिला फीस में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## भीषण गर्मी व ओवरलोड से जल रहे ट्रांसफार्मर

**लोड के कारण उड़ रहे फ्यूज**

**तार भी दे रहे जवाब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भीषण गर्मी व बढ़ते लोड के कारण बिजली के ट्रांसफार्मरों व लाइनों को नुकसान हो रहा है। कभी फ्यूज उड़ जाते हैं तो कभी तार व ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। लाइनपार के वार्ड-5 में लगे ट्रांसफार्मर में पिछले कुछ दिन में कई बार आग की लपटें निकल चुकी हैं। यहां पर पड़े रहने वाले कचरे के चलते भी आग भड़क रही है। बीती रात को करीब साढ़े 10 बजे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग के कारण ट्रांसफार्मर की केबल भी जल गई। रात के समय ही बिजलीकर्मी मेंटेनेंस कार्य में जुट गए। मंगलवार को जेई बिजेंद्र की देखरेख में मेंटीनेंस टीम ने ट्रांसफार्मर से जुड़ी जली हुई केबल को बदल दिया। निगम की टीम ने ट्रांसफार्मर के साथ लगते कचरे को भी हटाया और वार्ड के लोगों से भी अपील की कि वे बिजली ट्रांसफार्मरों के पास व लाइनों के नीचे कचरा ना डालें।

■ निगम की अपील, लोग ट्रांसफार्मर के नीचे कूड़ा न डाले

- ■ लाइनपार के वार्ड-5 के ट्रांसफार्मर में आग लगने से सप्लाई बाधित
- ■ कई दिन से ट्रांसफार्मर से निकल रही थी आग के लपटे
- ■ जेई बिजेंद्र की देखरेख में मेंटीनेंस टीम ने ट्रांसफार्मर से जुड़ी जली हुई केबल को बदला



बहादुरगढ़। फाल्ट को ठीक करते बिजली निगम के कर्मचारी।

### पारा 42 डिग्री अब रात को भी सताने लगी गर्मी

**बहादुरगढ़।** पिछले एक सप्ताह से तापमान में लगातार वृद्धि होने से गर्मी चरम पर पहुंच गई है। भीषण गर्मी के चलते लोगों का हाल बेहाल है। दिनचर्या प्रभावित हो गई है। मंगलवार को अधिकतम तामपान 43 डिग्री दर्ज किया गया। केवल दिन ही नहीं, रात के वक्त भी गर्मी सताने लगी है। रात को न्यूनतम तापमान भी 29 डिग्री तक पहुंच गया है। भीषण गर्मी के बीच बिजली के कट भी लोगों को परेशान कर रहे हैं। गर्मी का असर लोगों की दिनचर्या पर देखने को मिल रहा है। दोपहर के वक्त बाजारों में कामकाज न के बराबर है। वहीं शाम के वक्त बाजारों में जूस, आइस्क्रीम आदि की दुकानों पर जरूर रौनक लग जाती है। सूती व हल्के कपड़ों की बिक्री बढ़ी है। बीते सप्ताहभर से तापमान 40 डिग्री के पार चल रहा है। आगामी कई दिनों तक यही आसार रहने की संभावना है। गर्मी के कारण आंखों में जलन, सिरदर्द, पेट में दर्द आदि बीमारियों के मामले भी अस्पतालों में बढ़े हैं। डॉक्टरों द्वारा छोटे बच्चों और बुजुर्गों को तेज धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है।

### नालों को सफाई की दरकार...

#### सफाई के अभाव में गंदगी से अटे

**बहादुरगढ़।** शहर में नालों की दशा बेहद खराब है। अधिकांश नाले सफाई के अभाव में गंदगी से अटे पड़े हैं। कुछ नाले तो बिलकुल बंद हो चुके हैं। रोहतक-दिल्ली रोड पर बने नालों की ऐसी ही हालत है। इन खुले और गंदगी से भरे नालों के कारण निकासी तो बाधित है ही, इनमें हादसों का भी खतरा बना रहता है। बहादुरगढ़ में कई बार खुले नालों में गिरकर मूक प्राणी मौत का शिकार हो चुके हैं। देवीलाल पार्क के पास तो एक युवक की नाले में गिरकर मौत हो गई थी।



## गेहूं की रिकार्ड खरीद पर खुशी जताई



■ गेहूं की रिकॉर्ड पैदावार के साथ मंडियों में गेहूं खरीद का चार साल का रिकॉर्ड भी टूटा : अहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रदेश की मंडियों में गेहूं की खरीद का चार साल का रिकार्ड टूटा है। इस पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम अहलावत ने खुशी जताई है। इसके लिए उनको सरकार का आभार जताया है। राम अहलावत का कहना है कि हरियाणा सरकार किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है। जिससे किसानों को आर्थिक रूप से मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस बार गेहूं की रिकॉर्ड पैदावार के साथ मंडियों में गेहूं खरीद का चार साल का रिकॉर्ड भी टूटा है।

#### सरकार किसानों के हित में काम कर रही : अहलावत

पिछले सीजन के मुकाबले इस बार 12,030 ज्यादा किसान अपनी फसल मंडी में बेचने के लिए आए। वहीं, 3.45 एलएमटी गेहूं की खरीद में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है। जिसका लाभ किसानों को हो रहा है। किसान सरकार की नीतियों से खुश है।

राज्य सरकार चार लाख 68 हजार 636 किसानों को 16 हजार 462 करोड़ 70 लाख रुपये का भुगतान भी कर चुकी है।

### वक्फ बोर्ड कॉलोनी में युवक ने फंदा लगाया

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित वक्फ बोर्ड कॉलोनी में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। मानसिक परेशानी से तंग आकर युवक द्वारा फांसी लगाने की बात सामने आई है। मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। सोमवार की दोपहर को उसका शव फंदे पर लटका हुआ मिला था। किसी परिजन की नजर पड़ी तो उसे संभाला गया लेकिन तब तक देकर हो चुकी थी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया। घटन को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। युवक की सुसाइड से परिवार में शोक माहौल है।

### हनुमान चालीसा का उच्चारण कर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, विजेता किए सम्मानित



**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बड़े मंगलवार के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का कंठस्थ उच्चारण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि बेहतरीन उच्चारण करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों से कहा कि हुनमान चालीसा को याद करने से हमारी स्मरण शक्ति बढ़ती है इससे हमारे द्वारा पढ़ी गई शिक्षा लम्बे समय तक याद रहती है। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों को भगवान हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव तथा भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## यूएचबीवीएन का पोर्टल ठप होने से उपभोक्ता परेशान

**बिजली कनेक्शन और अन्य तकनीकी सेवाएं पूरी तरह बाधित, सात मई को हुआ था साइबर अटैक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बीते एक पखवाड़े से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड की अधिकारिक वेबसाइट ठप है। जिस कारण नए उपभोक्ताओं के लिए बिजली कनेक्शन और अन्य तकनीकी सेवाएं पूरी तरह बाधित हो गई हैं। ऐसे उपभोक्ता निगम कार्यालय में चक्कर काटने के बाद मायूस घर लौट रहे हैं। बता दें कि यूएचबीवीएन के पोर्टल पर 7 मई को साइबर अटैक हुआ था। इसके बाद से ही निगम की अधिकृत वेबसाइट की कार्यक्षमता प्रभावित हुई है। नए कनेक्शन लेने और बिल में सुधार करवाने समेत कई तरह की उपभोक्ता सेवाएं बाधित चल रही हैं।

बहादुरगढ़ में हर महीने करीब 50 नए बिजली कनेक्शनों के लिए आवेदन प्राप्त होते हैं। जबकि लगभग इतने ही उपभोक्ता अपने बिलों को ठीक करवाने के लिए ऑनलाइन अप्लाई करते हैं। लेकिन 7 मई को हुए साइबर हमले के बाद से नए बिजली कनेक्शन समेत अन्य ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित हैं। जिस कारण उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

■ निगमकर्मी ऑनलाइन सुविधाएं बहाल करने में जुटे



बहादुरगढ़। निगम कार्यालय में बिल जमा करवाते उपभोक्ता।

#### संदिग्ध लिंक या मैसेज से सावधान रहें : वर्मा

उपमंडल अभियंता राहुल वर्मा के अनुसार निगम के तकनीकी विशेषज्ञ इस समस्या को हल करने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। जल्द ही सभी ऑनलाइन सेवाएं बहाल होने की संभावना है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे धैर्य रखें और किसी भी संदिग्ध लिंक या मैसेज से सावधान रहें। बिल भुगतान या कनेक्शन संबंधी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट या कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि निगम का अंदरूनी सिस्टम कंप्लेंट मैनेजमेंट टूल भी इस साइबर अटैक के बाद बाधित है। ऑनलाइन पोर्टल पूरी तरह बहाल होने तक उपभोक्ता ऑफलाइन सेवाओं का उपयोग करें।

## श्रमिकों ने बीडीपीओ के माध्यम से पीएम को भेजा मांगों का ज्ञापन

**लेबर कोड रद करने न्यूनतम वेतन 28 हजार रुपये मासिक करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के जिला सचिव सतीश कुमार की अगुवाई में मजदूर कर्मचारियों की ज्वलंत मांगों को लेकर बीडीपीओ के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड रद्द करने, न्यूनतम वेतन 28 हजार रुपए मासिक घोषित करने, न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपए मासिक करने आदि अनेक मांग की गई हैं। सतीश कुमार ने बताया कि सरकार की पूंजीवादी नीतियों के चलते मजदूर-कर्मचारियों पर काम का बोझ असाधारण रूप से बढ़ाया जा रहा है। आठ घंटे के कार्य-दिवस के स्थान पर 12 से 14 घंटे कार्य कराया जाता है और वेतन घटाया जा रहा है।

वैधानिक अधिकारों में कटौती की जा रही है। यूनियनों के विरोध के बावजूद सरकार श्रमिक-विरोधी चार लेबर कोड पर अड़ियल रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने सरकार से श्रमिकों की मांगों की तरफ सरकार को ध्यान दिलाते हुए इन्हें अविलंब पूरा करने की मांग की।

■ न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपये मासिक करने की मांग उठाई





बहादुरगढ़। खंड विकास कार्यालय में ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

#### 9 जुलाई को राष्ट्रीय हड़ताल का आह्वान

मांगों के पूरा न होने पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के सांझा आह्वान पर 9 जुलाई राष्ट्रीय हड़ताल में शामिल होने के लिए श्रमिक विवश होगा। उन्होंने कहा कि अस्थाई कर्मचारियों को पक्का किया जाए, विभिन्न स्कीम वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिले, उन्हें श्रमिक मानकर न्यूनतम वेतन सुनिश्चित हो, मनरेगा मजदूरों को वर्ष में 200 दिन काम और 800 रुपए दैनिक दिहाड़ी मिले, रिक्त पड़े सरकार पदों पर स्थाई भर्ती हो, यूपीएस व एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम बहाल हो, निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण व हित लाभ देना सरल हो, श्रम कानून सख्ती से लागू हों, सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत किया जाए।

कान्स फिल्म फेस्टिवल



# रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

## ‘अरण्येर दिन रात्रि’ का हुआ प्रीमियर

*पेरिस। ‘कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025’ का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म ‘अरण्येर दिन रात्रि’ की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।*

### सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन

कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। ‘अरण्येर दिन रात्रि’ के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया। शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

### फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म ‘अरण्येर दिन रात्रि’को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

### 24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।



## उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## डेनजल वाशिंगटन को मिला ‘पाम डी ओर’

## डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा

**पेरिस।** हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी’ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।



***फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार :*** यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म ‘हाईएस्ट 2 लोएस्ट’ की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।


***गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे ‘एक्वामैन’ एक्टर :*** ‘एक्वामैन’ फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों ‘स्प्लिट्सविले’की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।

### इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार

2002 में मानद पाल्मे डी’ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।


### जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को ‘फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे’फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।‘एक्वामैन’ फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।



## कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, ‘बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!’ इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है।



## हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब

**मुंबई।** परेश रावल के फिल्म ‘हेरा फेरी 3’ छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, ‘फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों - अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।’ वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है।



## फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं

*नई दिल्ली। तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में ‘योगी दा’ प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, ‘हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ‘विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं. जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया।जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ‘अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें. मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।’ विशाल ने खुशी-खुशी अपनी शादी की खबर मीडिया को दी और कहा, ‘मेरी शादी तय हो गई है। मेरी एक लड़की मिल गई है। धनशिका के पिता यहां हैं और उनके आशीर्वाद से, मैं उसे मिलवा रहा हूं। मैं बहुत खुश हूं, और मैं धनसिका से शादी करने जा रहा हूं।*

## टीवी मसाला




## एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा ‘शक्तिमान’

**नई दिल्ली।** लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल ‘शक्तिमान’ पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो ‘शक्तिमान’ के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम ‘शक्तिमान’ शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबार पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है ‘जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।’ पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है ‘शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।’ आपको बता दें ‘शक्तिमान’ एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में ‘शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज’ और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, ‘हमारा हीरो शक्तिमान’ आई।

## ‘वॉर 2’ का टीजर रिलीज, ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘वॉर 2’ का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया। टीजर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है। अब टीजर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस टीजर में अपने-अपने पसंदीदा कलाकार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। ‘वॉर 2’ इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित ‘वॉर 2’ यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इससे पहले ‘वार’ 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे। जूनियर एनटीआर के फैंस जहां वॉर 2 को बॉलीवुड में डेब्यू के लिए उनकी परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं। वहीं, ऋतिक फैंस उनकी झलक देखकर काफी उत्सुक हैं। वॉर 2 के टीजर को फैंस का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। अधिकांश यूजर्स टीजर को मास एंटरटेनर और शानदार बता रहे हैं। कई फैंस इस फिल्म की शानदार ओपनिंग की बात कह रहे हैं। फैंस वॉर 2 के टीजर को बेस्ट बता रहे हैं।



### अमिताभ की वजह से सुपरस्टार को चुकानी पड़ी थी कीमत

# संजीव कुमार ने की रिजेक्ट, विनोद खन्ना के हाथ लगी ब्लॉकबस्टर


*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन- विनोद खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म, जो मशहूर पटकथा लेखक सलीम-जावेद की कलम से निकली थी, जो उस समय बॉलीवुड में हिट मशीन बन चुके थे। फिल्म में विनोद खन्ना ने इंस्पेक्टर विशाल का रोल निभाया था, लेकिन ये रोल पहले संजीव कुमार को ऑफर हुआ था। लेकिन, उन्होंने स्क्रिप्ट में ‘कम स्क्रीन टाइमट की वजह से इसे रिजेक्ट कर दिया था।*

### शूटिंग के वक्त हुआ था बड़ा हादसा

साल 1978 की उस ब्लॉकबस्टर फिल्म का नाम है ‘मुकद्दर का सिकंदर’। इस फिल्म ने रिलीज के समय तहलका मचा दिया था। फिल्म की टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया था। लेकिन, इसकी शूटिंग के वक्त एक बड़ा हादसा हो गया था। इस फिल्म को भले ही दर्शक कभी नहीं भुला पाएंगे। लेकिन, मेकर्स भी इस फिल्म को कभी नहीं भुला पाएंगे। दरअसल, फिल्म की शूटिंग के वक्त बिग बी के हाथ से कुछ ऐसा हुआ कि बॉलीवुड के मोस्ट हैंडसम एक्टर की ठोड़ी पर छह टांके आए थे।

### विनोद खन्ना के चेहरे पर लगा ग्लास

बात साल 1978 में रिलीज हुई फिल्म ‘मुकद्दर का सिकंदर’ के उस सीन की है जिसमें अमिताभ बच्चन द्वारा फेंका गया कांच का गिलास विनोद खन्ना की ठोड़ी पर जा लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और छह टांके लगाने पड़े। दरअसल, मुकद्दर का सिकंदर’ का एक इमोशनल सीन शूट करना था। अमिताभ बच्चन अपने किरदार में इस कदर डूब गए थे कि वह उन्होंने ग्लास इतनी तेज फेंका कि ये सीधा विनोद खन्ना के चेहरे पर जा लगा। सेट पर मौजूद सभी लोग तुरंत हरकत में आए और विनोद खन्ना को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके छह टांके आए।




### गीत और डायलॉग किए गए थे पसंद

इस फिल्म की कहानी और गीत ही नहीं, इस फिल्म के डायलॉग भी काफी पसंद किए गए थे। जितनी शराब पी है, उसी में डूब मरो! विनोद खन्ना के इस डायलॉग पर सेट पर तालियां बजी थीं। यह सीन कई बार री-टेक हुआ, क्योंकि विनोद खन्ना बार-बार अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे, जब अमिताभ बच्चन शराबी अदाओं में डगमगाते थे।

### जोहरा बाई के रोल में रेखा ने डाल दी थी जान

इस फिल्म में विनोद खन्ना ने विशाल आनंद की भूमिका निभाई थी। विनोद खन्ना ने इस फिल्म को तब हामी दी थी, जब अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर हुई थी। फिल्म में रेखा का जोहरा बाई का रोल काफी छोटा था, लेकिन उन्होंने उसमें जान डाल दी, उनकी आंखों के इमोशन्स और ‘सलाम-ए-इश्क’ में उनकी . अदायगी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। विनोद खन्ना और अमिताभ की इस फिल्म ने उस वक्त एक करोड़ के बजट में बनकर 2 करोड़ 69 लाख रुपए बिजने किया था।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट से घोषित पीओ के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। राज्य बनाम देवेंद्र मामले में महेंद्रगढ़ के नांगल हरनाथ निवासी देवेंद्र कोर्ट से अनुपस्थित चल रहा था। बार-बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट ने उसे नोटिस देने के बाद पीओ घोषित कर दिया। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने व उसकी संपत्ति का ब्योरा हासिल करने के प्रयास शुरू कर दिए।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने सांझरपुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 4 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने उसके साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने जांच के बाद सांजरपुर निवासी रविंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रूध पुल के पास खड़ी बाइक ले गए चोर

**बावल।** रूध पुल के पास खड़ी एक कंपनी कर्मचारी की बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में झाबुआ निवासी राजेंद्र ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करता है। उसने अपनी बाइक रूध पुल के पास खड़ी की थी। इसके बाद वह कंपनी में काम पर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली।

### यूनियन नेताओं ने अपनी लंबित मांगों की आवाज उठाई

# आशा वर्कर्स ने किया धरना प्रदर्शन जमकर की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन






**झज्जर।** लघु सचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन में एकत्रित आशा वर्कर्स, नायब तहसीलदार कीर्ति को ज्ञापन सौंपते हुए आशा वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

■ वर्ष 2023 में की गई हड़ताल के दौरान फिक्स मानदेय इंसेटिव की कटौती को तुरंत बहाल करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

आशा वर्कर्स यूनियन की जिला इकाई द्वारा मंगलवार को विभिन्न लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान जहां यूनियन नेताओं ने अपनी लंबित मांगों की आवाज उठाई वहीं सरकार विरोधी नारेबाजी भी की। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन पत्र भी भेजा। आशा वर्कर्स यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेश मातनहेल तथा किरण बहराणा ने बताया कि उन्होंने देश में चल हालातों को देखते हुए अपनी राष्ट्रव्यापी हड़ताल को स्थगित कर दिया है अब वह आगामी नौ जुलाई को की जाएगी। आज उन्होंने प्रदर्शन करते हुए अपनी लोकल मांगों को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखा है। सरकार द्वारा आशाओं से ऑनलाइन काम तो लिया जा रहा है लेकिन उसके अनुरूप संसाधान उपलब्ध नहीं कराए जा रहे ना ही उस काम की पेमेंट की जा रही है। उनका न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नायब तहसीलदार कीर्ति के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

### ये हैं मुख्य मांगे

ज्ञापन में दी गई मुख्य मांगों में वर्ष 2023 में की गई हड़ताल के दौरान फिक्स मानदेय इंसेटिव की कटौती को तुरंत बहाल किया जाना, हाई रिस्क एएनसी, आरोग्य मंदिर, टीबी सर्वे, कुष्ठ रोग का पैसा पूरे प्रदेश में लागू किया जाए, डिलीवरी के मानदेय बगैर किसी शर्त के दिया जाए, दूसरे जिले में होने वाली डिलीवरी परिवार नियोजन केस का मानदेय भी आशाओं को दिलाया जाए, नियमित टीकाकरण का प्रति आशा प्रति सेशन मानदेय को सभी जिलों में लागू कराया जाए, आशा गाइडलाइन के अनुसार एक से दस तारीख के बीच आशाओं की मासिक मीटिंग की तिथि तय की जाए, किसी मजबूरीवश स्वैच्छिक रिटायरमेंट लेने वाली आशाओं को रिटायरमेंट बेनिफिट दिया जाए, आशा फैसिलियेटर के कार्यों की गाइडलाइन भी आशा सेल्फ अप्रेजल बुक में स्पष्ट छापी जाए और गाइडलाइन के हिसाब से ही काम दिया जाए, आशा की सहमति के बगैर उनका कार्य क्षेत्र न बदला जाए, स्थान खाली होने पर ट्रांसफर का प्रावधान किया जाए, टीबी का इंसेटिव आशा-पे एप के माध्यम से दिया जाए, एससी, बीपीएल और हाई रिस्क डिलीवरी के साथ जाने के लिए आशा को अलग से प्रोत्साहन राशि दी जाए, गर्भवती महिलाओं को घर वापसी के लिए भी एम्बुलेंस सुविधा दी जाए, गर्भवती महिलाओं को पीएचसी और डिलीवरी हट पर डाईट की उचित व्यवस्था की जाए, सेल्फ एप्रैजल, एचबीपीएनसी कार्ड, एचबीवाईसी कार्ड, ड्यू लिस्ट रजिस्टर और हेड काउन्ट सर्वे रजिस्टर दिया जाए, प्रदेश में आशा गाइडलाइन के अनुसार काम करवाने के निर्देश जारी किए जाए इत्यादि शामिल है।

# सफाई कर्मचारियों ने की मांगों को लेकर नारेबाजी

■ नायब तहसीलदार कीर्ति को 15 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

यूनियन की लंबित मांगों को लेकर जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को लघु सचिवालय पहुंच कर एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता झज्जर ब्लॉक प्रधान सुनील व संचालन जिला सचिव संदीप कुमार मारौत ने किया। बाद में उन्होंने नायब तहसीलदार कीर्ति को 15 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। जिला सचिव संदीप कुमार मारौत ने बताया कि नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री द्वारा की गई 26 वेतन की घोषणा के पत्र को सरकार द्वारा लागू नहीं किया गया। सरकार उनकी मांगों व समस्याओं को अनदेखा कर रही है। सफाई कर्मचारियों के साथ ग्राम सरपंचों द्वारा शोषण किया जा रहा है। उनसे बेगार कराई जा रही है। विरोध करने पर जबरदस्ती उनका वेतन रुकवा दिया जाता है। सफाई कर्मचारी को पक्के कर्मचारी का दर्जा भी अभी तक नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि जब कर्नाटक सरकार सफाई कर्मचारियों को पक्का कर सकती है, तो उनके प्रदेश की सरकार क्यों नहीं। सरकार द्वारा लिए गए चार लेबर कोड के निर्णय को भी वापिस लिया जाना चाहिए। ब्लॉक प्रधान सुनील ने कहा कि यदि सरकार लेबर कोड वापिस नहीं लेती है तो वे आगामी नौ जुलाई को होने वाली हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। इस मौके पर ब्रह्मपाल, रामभगत, किरण आदि कर्मचारी नेताओं ने भी संबोधित किया।



**झज्जर।** नायब तहसीलदार कीर्ति को 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# बेस्ट यूनिफार्म प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

■ अच्छा विद्यार्थी हमेशा बेस्ट यूनिफॉर्म के साथ-साथ बेस्ट बैग लेकर शिक्षा ग्रहण करने विद्यालय पहुंचता है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मंगलवार को बेस्ट बैग और बेस्ट यूनिफॉर्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता परिणामों की जानकारी देते हुए प्री-प्राइमरी प्रमुख सुमन मान ने बताया कि बेस्ट बैग स्पर्धा में पहली रोज अनुभाग से सिद्धिका, लोट्स अनुभाग से पर्व, लीली अनुभाग से कीर्ति, टूलिप अनुभाग से गर्व और डेजी अनुभाग से कनिष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित बेस्ट यूनिफार्म प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

बेस्ट यूनिफॉर्म स्पर्धा में हिमानी, सान्वी, विशु, स्वरित और सुखविन्द्र ने प्रथम स्थान किया। पूर्वी, विनती, पीयूष, लक्ष्य, काव्या, कार्तिक, हरिक, रियान, दीक्षा, नंदिता, रूद्राक्षी व हितेष अपने-अपने अनुभागों में द्वितीय स्थान पर रहे। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि बेस्ट यूनिफॉर्म अनुशासन, समानता और पहचान का आइना होती है। विद्यार्थियों में यूनिफॉर्म का बहुत अधिक महत्त्व है। किसी भी संस्थान की पहचान उसकी बेस्ट यूनिफॉर्म से की जा सकती है। यह सभी में एकरूपता और अच्छे व्यक्तित्त्व को दर्शाती है। अच्छा विद्यार्थी हमेशा बेस्ट यूनिफॉर्म के साथ-साथ बेस्ट बैग लेकर शिक्षा ग्रहण करने विद्यालय पहुंचता है।

जिस विद्यार्थी की यूनिफॉर्म और बैग दोनों बेस्ट होते हैं, वह अवश्य ही अनुशासनप्रिय और प्रतिभावान छात्र होता है। इस दौरान एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसडीएम ने नई पाइपलाइन डालने के कार्य को जल्द शुरू करने के दिए निर्देश

■ ग्रामीणों को टैंकर के माध्यम से की जा रही पेयजल आपूर्ति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी**

गांव भागलपुरी में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग और सतर्क है। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नई पाइपलाइन डाली जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां कहीं भी पुरानी पाइपलाइन जर्जर हो चुकी है या जल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है, वहां नई पाइपलाइन डाली जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के जेई अरुण मलिक ने बताया कि स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पाइपलाइन मरम्मत व नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। जब तक पाइपलाइन से नियमित जल आपूर्ति बहाल नहीं हो जाती, तब तक ग्रामीणों को पानी की कोई कमी न हो, इसके लिए टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।




**झज्जर।** गांव भागलपुरी में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के टैंकर से पानी भरते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

# किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने मंगलवार को रोहतक रोड पर सरकार की पूंजीपति परस्त तथा किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरकार से गरीबों के हित में नीति बनाने और लागू करने की मांग की। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडोठी ने कहा कि सी टू प्लस 50 प्रतिशत फार्मूले के अनुसार एमएसपी गारंटी कानून बनाने से सरकार मुकुर गई है। बिजली क्षेत्र को प्राइवेट हाथों में देने पर उतारू है। तीन काले कृषि कानूनों को नए रूप में कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के नाम पर दोबारा लागू करने जा रही है। अमेरिका तथा अन्य कई देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने जा रही है। इससे किसान, दुग्ध उत्पादक तथा मुर्गी-मछली पालक बर्बाद हो जाएंगे। किसान मजदूरों को कर्ज मुक्त करने की बजाय उद्योपतियों-पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रुपये माफ कर दिए। जिला कमेटी सदस्य रामकिशन तथा सतबीर सिंह बल्हारा ने कहा कि सरकार ने बिजली व रसोई गैस के रेट तथा टोल टैक्स भी बढ़ा दिया। भारत ने बताया कि शिक्षा का निजीकरण तथा व्यावसायीकरण गरीबों पर भारी पड़ रहा है। लालजी ने कहा कि मनरेगा स्कीम को निष्प्रभावी किया जा रहा है। सोनिया तथा सतीश ने कहा कि श्रमिकों का शोषण बढ़ रहा है। प्रदर्शन में मंगल सिंह, बलजीत सिंह, जितेंद्र व किताब सिंह आदि ने भाग लिया।




**बहादुरगढ़।** रोहतक रोड पर प्रदर्शन करते एआईकेकेएम संगठन के सदस्य।

# विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा मंगलवार को शहर के राणा प्रताप स्कूल और एनआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, नैतिकता और नागरिक जिम्मेदारियों से संबंधित विषयों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान और नए आपराधिक कानूनों के बारे में विद्यार्थियों के साथ विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वे कैसे एक सतर्क, सजग व जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। उप निरीक्षक सत्य प्रकाश ने साइबर सुरक्षा के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर क्राइम पोर्टल, और संचार साथी पोर्टल के उपयोग के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा डायल 112, दुर्गा शक्ति एप और ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम के बारे में जानकारी दी तथा सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता बरतने की सलाह दी। आरएसओ सतीश शर्मा ने नशे के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक आनंद पंवार, कृष्ण कुमार, प्रिंसिपल पिल कुमार आदि उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** बच्चों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# किडनी रैकेट और टैक्सी ड्राइवरों की हत्या का आरोपी डॉक्टर डेथ दबोचा

■ पैरोल जंप कर हो गया था फरार पुजारी बनकर रह रहा था

■ कई मामलों में हो चुकी है आजीवन कारावास की सजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

क्राइम ब्रांच ने डॉक्टर डेथ के नाम से कुख्यात हो चुके सीरियल किलर डॉक्टर देवेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया है। मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला डॉक्टर शर्मा आयुर्वेदिक डॉक्टर होते हुए सीरियल किलिंग, अवैध किडनी रैकेट और हत्याओं में शामिल रहा है। इसे दौसा राजस्थान के एक आश्रम से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुजारी के वेश में रह रहा था। पुलिस के अनुसार 67 वर्षीय देवेंद्र 2023 में तिहाड़ जेल से पैरोल पर बाहर आया था। इस पर आरोप है कि वह 1994 से 2004 के बीच किडनी रैकेट और टैक्सी चालकों की कई हत्याएं वह कर चुका है। हत्या के बाद शवों को मगरमच्छों को डालने की बात भी सामने आई थी। डॉ. देवेंद्र शर्मा उर्फ डॉक्टर डेथ एक बीएएमएस डिग्री धारक है। कई हत्या के मामलों में इसे दोषी ठहराया गया था व आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आरोपी तिहाड़ जेल में सजा काटते समय 2023 में पैरोल जंप कर गया था। इसके खिलाफ दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में अपहरण और हत्या के दर्जनों मामले दर्ज है। आरोपी और उसके साथी शवों को मगरमच्छों से भरे हजारा नहर, कासगंज, उत्तर प्रदेश में फेंक देते थे। इसने 125 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण कराए थे। इसके साथी डॉ. का नाम अमित बताया गया था। आरोपी व्यक्ति अलीगढ़ का स्थायी निवासी है। इसके पिता बिहार के सिवान में एक दवा कंपनी में काम करते थे। 1984 में शर्मा ने बिहार से बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) की डिग्री के साथ अपना स्नातक पूरा किया। इसके बाद राजस्थान के बांदीकुई में जनता क्लीनि नाम से अपना खुद का क्लीनिक स्थापित किया। उस क्नीनिक को इसने 11 साल तक संचालित किया। 1994 में गैस डीलरशिप घोटाले में 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी के बाद इसे एक बड़ा वित्तीय झटका लगा।

# फर्जी ट्रेडिंग ऐप से निवेशकों को 48 लाख का चूना लगाने वाला दबोचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

बाहरी उत्तरी दिल्ली में कई निवेशकों से 48 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोपी 29 वर्षीय व्यक्ति को पकड़ा गया है। आरोपी जितेंद्र शर्मा महाराष्ट्र के पालघर के वनगांव से गिरफ्तार किया गया। इस पर खुद को एक वित्तीय सेवा कंपनी का प्रतिनिधि बताकर निवेशकों को एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप्लीकेशन के जरिए फंसाने का आरोप है। डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार शर्मा एक निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में काम करता था और कमीशन के बदले में धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए अपनी कंपनी के बैंक खाते उपलब्ध कराता था। इसके बैंक खाते राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज 46 शिकायतों से जुड़े पाये गये। विनय सिंघल नाम के शख्स द्वारा की गयी शिकायत के बाद 17 मार्च को एक मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान तीन समान शिकायतें सामने आई, जिसमें नकली ट्रेडिंग ऐप्लिकेशन के माध्यम से धन अंतरित करने में धोखाधड़ी का पता चला था।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भाने राम निवासी गांव परनाला हसनपुर, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पौत्र विवेक कुमार पुत्र स्व. राकेश कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सुमित्रा देवी पत्नी श्री जोरा सिंह निवासी मकान नंबर-31/1197, संत कबीर बस्ती, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक, पुत्रवधु प्रियंका, पुत्र प्रमोद व पुत्रवधु मोनिका मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

# अस्तुति स्टूडेंट ऑफ द ईयर व सुमन बनी मिस फेयरवेल

बेस्ट यूथ रेडक्रॉस, बेस्ट एनएसएस और बेस्ट आउटरीच ग्रीन वॉलिंटियर्स को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में मंगलवार विदाई समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। सुमन को मिस फेयरवेल चुना गया। श्वेता त्रिपाठी फर्स्ट रनर अप और अंजलि सेकेंड रनर अप रही। अस्तुति को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा गया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बेस्ट यूथ रेडक्रॉस, बेस्ट एनएसएस और बेस्ट आउटरीच ग्रीन वॉलिंटियर्स को पुरस्कृत किया।


बहादुरगढ़। टाइटल विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा।

प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा समेत सभी प्रवक्ताओं को तिलक लगाने के साथ ही मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने भावी अध्यापिकाओं के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जुनून और अच्छी तरह काम करने की जिद से सफलता जरूर मिलेगी। मंच संचालन आशु, तृप्ति व पारूल ने किया। सुषमा, ज्योति व द्वितीय वर्ष की छात्रा बबीता, पायल द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नेहा ने अपने गीत से सभी का मन मोह लिया। पिक द पार्सल में बबीता व अंजलि और डांस एंड होल्ड द बैलून में कर्तिका व आरती विजयी रही। द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने कैटवॉक में अपना परिचय दिया। चयनित छात्राओं से हूक स्टेप व प्रश्नोत्तर विधि के माध्यम से प्रतिभाशाली छात्राओं का चयन किया गया।

आरती को मिस चैटरबॉक्स, मानसू को मिस इंस्टा क्वीन, तनुजा को मिस फिटनेस फरीक, दीप्ती को मिस फैशनेबल, ट्विंकल को क्यूटी पाई, रितिका को डांसिंग डॉल, नेहा को मिस मेलोडी व बबीता को मिस ऑलराउंडर का खिताब मिला। मानसु को क्लासरूम चैंपियन, निशा को टुमारो टीचर टुडेज स्टार, बबीता, दीपा, सोनिया गोयल को मोस्ट क्रिएटिव, तनुजा, वंदना, पायल शर्मा को मोस्ट डेडीकेटेड, श्वेता त्रिपाठी, ममता को मोस्ट सिंसियर, ज्योति, प्रियंका, शिवानी को मोस्ट पंचवल, रितिका, तनिष्का, दीपा, पायल शर्मा, तनुजा, अस्तुति, ट्विंकल, नेहा शर्मा, मानसी, अन्नू राणा को बेस्ट इन सीसीए, प्रियंका को हाईएस्ट अटेंडेंस, पायल शर्मा, सोफिया को आईटी वीजार्ड, नेहा को स्वर कोकिला, वैशाली, अस्तुति को परफेक्शन इन डांसिंग स्किल चुना गया।

## झज्जरः विदाई समारोह में स्वाति को मिला मिस फेयरवेल का खिताब


झज्जर। विदाई समारोह में चयनित मिस फेयरवेल, मिस ब्यूटी व मिस पर्सनालिटी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन फॉर वूमैन की बीएड अंतिम वर्ष के छात्राओं के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जूनियर छात्राओं ने सीनियर्स छात्राओं को विदाई दी। कॉलेज के चेयरमैन रमेश रोहिल्ला ने विदा होने वाली छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान छात्राओं द्वारा गीत, कविता, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सीनियर छात्राओं ने संस्थान में बिताए यादगार क्षणों को सांझा किया। समारोह के दौरान छात्रा स्वाति को मिस फेयरफेल, छात्रा जया को मिस ब्यूटी व दीक्षा को मिस पर्सनालिटी का खिताब दिया गया।

# डीसी ने बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों का मौके पर जाकर लिया जायजा

अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

मंगलवार सांय डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल अधिकारियों के साथ फील्ड में उतरे और कई गांवों में चल रहे बाढ़ नियंत्रण उपायों का मौके पर जायजा लिया। उन्होंने भंभेवा,डीघल,छारा, रेवाड़ी खेड़ा, छुड़ानी धाम स्थित पंपिंग स्टेशन, दुल्हेड़ा सहित साथ लगते गांवों में जल निकासी नालों और केसीबी ड्रेन का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी स्थिति नहीं आनी चाहिए। मानसून आने में अभी समय है, इसलिए सभी प्रोजेक्ट को से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने कहा कि अभी काफी काम पेंडिंग है। ऐसे ढिलाई का कार्य नहीं चलेगा,कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि बरसात का पानी हो या दूसरे जिलों से आने वाले पानी की निकासी की व्यवस्था को सुदृढ़ करें। रिहायशी या फसलों में जल भराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए।



झज्जर। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

## सिद्दीपुर में स्थाई उप स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने की मांग


बहादुरगढ़। सीएमओ डॉ. जयमाला से चर्चा करते जसबीर सैनी व अन्य।

बहादुरगढ़। गांव सिद्दीपुर में उपस्वास्थ्य केंद्र की दरकार है। इसे देखते हुए ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने सरपंच प्रतिनिधि सोनू के साथ झज्जर में सीएमओ डॉ. जयमाला से मुलाकात की।

सैनी ने उनसे कहा कि फिलहाल गांव में मातृ, शिशु और सामुदायिक सेवाएं अस्थाई तौर पर लोवा गांव के किसी सरकारी भवन में दी जा रही हैं। वहां आमजन व स्टाफ के लिए कोई सुविधा नहीं है। इसलिए सिद्दीपुर गांव में स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की जरूरत है। इससे सिद्दीपुर के अलावा लोवा व इस्सरहेड़ी के ग्रामीणों को भी सहुलियत होगी। फिलहाल अस्थाई केंद्र होने के चलते लोग परेशान हैं। सैनी इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे। बकौल जसबीर सैनी, सीएमओ ने उनको बताया है कि उप स्वास्थ्य केंद्र को बनवाने के लिए विभाग से प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जल्द ही इसकी रूप-रेखा बनाकर सरकार को भेजी जाएगी, ताकि इसका काम शुरू हो सके। इस मौके पर पूर्व पार्षद हरिमोहन धाकरे व जय सिंह सैनी भी मौजूद थे।

# कानोंदा स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में टॉपरों का किया सम्मान

दसवीं में देवांश प्रथम, प्राची द्वितीय व मीनाक्षी तृतीय रही

- 12वीं के विज्ञान संकाय में इशिका प्रथम, प्राची द्वितीय, मुस्कान ने तीसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

गांव कानोंदा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सरोज देवी और मंच संचालन सुरेश कुमार वर्मा ने किया। दसवीं में देवांश प्रथम, प्राची द्वितीय व मीनाक्षी तृतीय रही। पांच बच्चों ने मेरिट हासिल की। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में इशिका प्रथम, प्राची द्वितीय, मुस्कान तृतीय तथा आर्ट संकाय में इशिता प्रथम, डिंपल द्वितीय और अनु तृतीय स्थान पर रहे। जबकि 25 बच्चों ने मेरिट हासिल की। समाजसेवी जगबीर मेहरा की विशेष उपस्थिति में अंग्रेजी प्रवक्ता सुरेश वर्मा ने 1000-1000, जीव विज्ञान प्रवक्ता मीनाक्षी हुड्डा ने 500-500 और गणित प्रवक्ता सोमबीर ने भी बच्चों को 1000-1000 रुपए देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य सरोज देवी ने सभी बच्चों को बधाई दी।



बहादुरगढ़। कानोंदा स्कूल में टॉपर बच्चों को सम्मानित करते स्टॉफ।

## बाबेपुर गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# 326 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

संस्कारम् हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर पाटौदा द्वारा क्षेत्र के गांव बाबेपुर में एक नियमित प्रचारात्मक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः दस बजे से दोपहर दो बजे तक चले इस शिविर में 326 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, नेत्र विकार, त्वचा रोग, श्वास संबंधित रोग, स्त्री रोग एवं बच्चों की बीमारियों जैसी प्रमुख समस्याओं की जांच की गई। इसके साथ ही प्राथमिक उपचार तथा आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। गर्भवती महिलाओं, वृद्धजनों, एवं बच्चों की विशेष रूप से जांच की गई तथा उन्हें पोषण, स्वास्थ्य एवं नियमित जांच के बारे में भी जागरूक किया गया। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर मुनिश कुमार डागर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों में डॉक्टर पायल, डॉक्टर जितेन्द्र, डॉक्टर अजय चाहर के अलावा नर्सिंग स्टॉफ से पूनम, फार्मेसी स्टॉफ आशीष, लैब टेक्नीशियन विपिन, रोहित, मुकेश, जयप्रकाश आदि शामिल रहे। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना भी है। जब तक हमारा स्वास्थ्य उत्तम नहीं होगा, हम किसी भी कार्य में सफल नहीं हो सकते। संस्कारम् हॉस्पिटल इस मिशन के साथ आगे बढ़ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराई जाएं। उनका प्रयास है कि हर व्यक्ति तक गुणवत्ता पूर्ण और मानवीय चिकित्सा सेवा पहुंचे।



झज्जर। शिविर के दौरान चिकित्सीय टीम के साथ उपस्थित ग्रामीण।

## बजरंग शाखा ने मनाया वार्षिकोत्सव

बहादुरगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बजरंग शाखा का वार्षिकोत्सव महर्षि दयानंद पार्क में समारोह पूर्वक मनाया गया। ध्वजारोहण से शुरू और प्रार्थना के साथ संपन्न हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में योगाचार्य आरके वशिष्ठ उपस्थित रहे। सह जिला कार्यवाह राकेश संघ की शिखर यात्रा से जुड़े अनेक प्रसंग सुनाए। स्वयंसेवकों को उन्होंने मां भारती का सच्चा सपूत बताया। इस अवसर पर सह नगर कार्यवाह नागेंद्र लाकड़ा व नगर प्रचार प्रमुख अजय नारायण भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# रिटायर्ड कर्मियों ने उठाई लंबित मांगों की आवाज

- रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला इकाई की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला इकाई की मीटिंग मंगलवार को पुरानी तहसील रोड स्थित जलघर प्रांगण में प्रधान दिलबाग दलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव ने मीटिंग का संचालन करते हुए मीटिंग के मुख्य मुद्दे पर कहा कि केंद्र सरकार ने संसद में जो बिल पास किया है उसके अनुसार 31 दिसंबर तक जो भी कर्मचारी रिटायर होंगे उन्हें आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलेगा। यह कर्मचारियों के साथ धोखा है। उन्होंने संघ की लंबित मांगों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार को 65, 70, 75, 80 की आयु पर पांच-पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की जानी चाहिए थी जो कि अभी तक नहीं की गई है। विधवा को एलटीसी दी जाए, 18 महीने का बकाया डीए का एरियर दिया जाए। पहले की तर्ज पर रेल का किराया आधा लिया जाए, कम्यूटेशन का पैसा जो दस साल में पूरा हो जाता है उसे सरकार ने मान लिया था मगर अब रिकवरी की जा रही है जो गलत है, इसे तुरंत बंद किया जाना उनकी मुख्य मांगों में शामिल है। जिला प्रधान दिलबाग दलाल ने कहा कि आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का वे पूर्ण रूप से समर्थन करते हैं।


झज्जर। मीटिंग के दौरान जलघर प्रांगण में उपस्थित रिटायर्ड कर्मचारी संघ सदस्य।

### ये रहे मौजूद

मीटिंग में बलबीर सिंह यादव, कृष्णलाल, राजेंद्र सिंह दलाल, मास्टर फूल कुमार, राजबीर राहड, ओम प्रकाश पूनिया, महावीर सिंह, ओमप्रकाश जेई, जगबीर सोलंकी, विष्णु दत्त जांगड़ा, राजेंद्र जुलाना, सुमित्रा आर्या, कृष्णा मालिक, रामसिंह सुहाग, जयप्रकाश गुप्ता, मुकेश शर्मा, सूरजवीर, अतर सिंह, रणवीर दलाल, धर्मपाल अहलावत, धर्मवीर सिंह, भूरे, राजेंद्र प्रसाद, जगत नारायण, राजेंद्र सिंह, रामकिशन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## गाजीकमाल मंदिर में लगाया भंडारा सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद


झज्जर। भंडारे के दौरान प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

मंगलवार को बाबा गाजीकमाल मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के दौरान सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालु चरण सिंह सैनी ने बताया कि सीताराम गेट वासियों के सहयोग से इस दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भंडारे की पूर्व रात्रि सत्संग के दौरान गायक कलाकारों व साधु-महात्माओं द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया गया।

**समाधान** कृषि मंत्री को दिया आश्वासन, राष्ट्रहित के हर फैसले में किसान सरकार के साथ

# पाकिस्तान के साथ हुए सिंधु जल समझौते के निरस्त होने पर किसानों ने जताया आभार


बहादुरगढ़। सतीश छिकारा का स्वागत करते कृषि मंत्री शिवराज चौहान।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

पाकिस्तान के साथ हुए सिंधु जल समझौते के निरस्त होने पर भारतीय किसान संघ समेत देश के किसान संगठनों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभागार में कृषि मंत्री शिवराज चौहान का आभार जताया है। विदित है कि पहलगाम हमले के बाद मोदी सरकार ने सिंधु नदी समझौते को यह कह कर निरस्त कर दिया था कि खून ओर पानी एक साथ नहीं बहेगा।

### देशभर से आए किसानों का किया स्वागत

भारतीय किसान संघ के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने बताया कि सिंधु जल समझौते के फैसले को निरस्त करना बेहद साहसिक फैसला है। भारत का किसान समुदाय इसका स्वागत करता है। उन्होंने कृषि मंत्री को आश्वासन दिया कि हर राष्ट्रहित के फैसले में किसान सरकार के साथ है। छिकारा ने कृषि मंत्री को किसानों की समस्याओं से भी अवगत करवाया। ट्रैक्टर को कंडम पॉलिसी से बाहर रखने, पशु पालक किसानों को दुधारू पशुओं के थनों के बीमे का ऑप्शन देने, कृषि यंत्रों पर जीएसटी हटाने, सरकारी बीमा कंपनियों से कृषि बीमा करवाने, गौ आधारित जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर लैब स्थापित करने की मांग की है। कृषि मंत्री ने भी देशभर से आए किसानों का स्वागत किया।

## बेहतर परिणाम आने पर खुशी जताई

बहादुरगढ़। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में श्री राम आदर्श पब्लिक स्कूल रोहद के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के छह विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अपने अभिभावकों तथा स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल निदेशक जसबीर सिंह आर्य और मुख्याध्यापक जितेंद्र व समस्त अध्यापकों ने बेहतर परिणाम की खुशी पर बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।